प्राण

# रमन

## कार फायनेंस






TITLE RAMAN AND THE CHARACTER ARE COPYRIGHT REGISTERED BY GOVERNMENT OF INDIA FOR THE PROPRIETORS PRAN'S FEATURES, A-84, NARAINA VIHAR, NEW DELHI. REPRODUCTION OF ANY PART OF THIS BOOK IS STRICTLY PROHIBITED. NO ACTUAL PERSON IS NAMED OR DELINEATED IN THIS FICTION COMICS. ANY SIMILARITY TO REAL HUMAN BEING OR PLACE IS PURELY COINCIDENTAL.


मार्किट मंदी की वजह से कारें सस्ती हो गई हैं, तुम भी एक खरीद लो!
पैदल जाने का झंझट नहीं रहेगा और टाइम भी बचेगा!
मेरा एक दोस्त कार फायनेंसर है!वह तुम्हें गाड़ी **किस्तों** में दिलवा देगा!
क्या वह **किस्त** भरने और **कार ड्राइवर की सैलरी** का भी फायनेंस करा देगा?


आदर्श एम्पलाई
दोस्त, खलीफा! निराश लग रहे हो?
गर्लफ्रेंण्ड के अब्बा ने कहा है कोई अच्छी नौकरी करो!
नहीं तो वह अपनी बेटी का निकाह किसी और से कर देगा।
तुम कोई नौकरी ढूंढ क्यों नहीं लेते।
अभी एक जगह इंटरव्यू देकर ही आ रहा हूं!


उनकी अजीब मांग थी!
उन्हें गूंगा-बहरा एम्पलायी चाहिए था!
अब तुम ही बताओ, भला गूंगा-बहरा व्यक्ति किस काबिल?
वह कम्पनी जरूर काला धंधा करती होगी?
गूंगा-बहरा आदमी कम्पनी की सीक्रेटस् न सुन पाएगा, न किसी को कह सकेगा!


आशावादी
रमन! तुम उदास लग रहे हो?
खलीफा! विश्वव्यापी मंदी के कारण मेरे आसपास लोग निराशावादी हो गए हैं!
मेरी बीवी कमली निराशावादी बातें करती है!
बच्चे! निराशावादी हो गए हैं!


ऑफिस में बॉस भी निराशा से भरे रहते हैं!
आजकल का सारा समाज निराशावादी होता जा रहा है!
चाहे कुछ भी हो मेरे पड़ोसी मिस्टर वर्मा पक्के आशावादी हैं।.
वह कैसे?
वह मुझसे सिगरेट उधार मांगने से पहले ही अपना **लाइटर** जला लेते हैं!


बाप बेटा
कमली! बेटा शांतू दिखाई नहीं दे रहा?
वह अपने दोस्तों के साथ फिल्म देखने गया है!
वह फिजूलखर्च और लापरवाह होता जा रहा है!
क्यों न बेटे को हॉस्टल भेज दें?
हां, हॉस्टल के डिस्पिलन में वह सुधर जाएगा!


फिर.
बेटा! यह 10,000 रूपए रखो. कोई परेशानी आए तो मुझे कम्प्यूटर पर ई-मेल भेज देना!
बेटे का मेल आया है! लिखा है- नो मनी! नो फन! ...यूअर सन!
उसके मेल का जवाब टाइप करता हूं!
इसका जवाब है- हाओ सैड! वैरी बैड! ...यूअर डैड!


दान
रमन! 101 रूपए देना!
किसलिए?
मुझे अपने नाम से अनाथालय में दान करने हैं!
उससे क्या होगा?
दान देना परोपकार होता है! पुण्य का काम होता है!


मैं भी दान करता हूं, वह भी गुप्तदान!
अच्छा!
मेरे दान से सरकार बनती है!
देश आगे बढ़ता है!
ऐसा कौनसा दान है?
मतदान!


दयावान चोर
खलीफा! कैसी गुजर रही है?
रमन! कल रात मेरे घर में चोर घुस आया था!
तो फिर तुमने क्या किया?
चोर की आहट से मेरी नींद खुल गई!
लेकिन मैं बिस्तर पर सोने की एक्टिंग करता रहा!...


चोर ने सारा घर छान मारा! पर एक शायर के यहां उसे चोरी के लिए क्या मिलता?
फिर उसने एक 100 का नोट और एक चिट्ठी..
मेरे तकिए के नीचे रखी और चला गया..
चिट्ठी?
उसने लिखा था कि मुझे तुमसे हमदर्दी है, इस 100 रूपए से खाना खा लेना!..
आज एक मुद्दत के बाद मैंने शाही पनीर और...
लच्छेदार परांठे खाए हैं!


गर्मी के दिन
खिड़की से बाहर देखा जाए, आज मौसम कैसा है?
उफ़ फ़! गर्मी बढ़ गई है!
तपती गर्मी में बाहर निकलना दुश्वार है!
पापा! बाहर एक गरीब आदमी जोर-जोर से चिल्ला रहा है! उसे बीस रूपए चाहिएं!



नहीं! मैं भीख देने की खिलाफ हूं!
वह भिखारी नहीं है!
वह तो कुछ और बोल रहा है!
क्या?
आइसक्रीम ले लो!



गर्लफ्रैंड
और टैक्सी
मोगासिहं! क्या तुम्हारी कोई गर्लफ्रेंड थी?
आहो!
मैं हर रोज अपने पापाजी दी टैक्सी विच ओनू पांच किलोमीटर दूर ओन्दे कालेज छड के आन्दा सी!
अच्छा?
एक बारी गड्डी अद्धे रस्ते विच रूक गई!


फिर?
मैं क्या-पैट्रोल खत्म हो गया ए!
ओने अपने बैग विचो थरमस निकालेया ते बोली ऐदे विच कॉफी है, पी लो! जोश आ जाएगा!
आगे क्या हुआ?
जोश आ गया, कुड़ी ने स्टेरिंग संभालेया ते मैं टैक्सी नू धक्का मार के कालेज तक ले गया!


हैट्रिक
आज तुम जल्दी आ गए?
आज क्रिकेटर युवराज तीसरा शतक लगाकर हैट्रिक जमाने वाला है!
आजकल हैट्रिक काफी लग रही हैं!..
फरहा खान ने तीन बच्चों को जन्म देकर हैट्रिक लगा दी!
बाउलर हरभजन ने तीन विकेट्स लेकर हैट्रिक बनाई!


एक लीडर ने लगातार तीन इलैक्शन जीतकर हैट्रिक जमा दी!
काश! तुम भी कोई हैट्रिक का कारनामा कर मशहूर हो जाते?
अगर तुम इजाज़त दो तो यह भी हो सकता है!
इजाज़त?
हां, दो शादियां और करके तीन बीवीयों की हैट्रिक बना लेता हूं!


हाई
जम्प




हॉबी
दोस्त खलीफा! आज कहां चले?
रमन! मैं निकाह के लिए लड़की देखने जा रहा हूं!
मुझे लड़कियों से बात करनी नहीं आती! मैं वहां उससे क्या पूंछू?
तुम लड़की से उसकी हॉबी पूछ लेना! जैसे, क्या तुम्हें गाना आता है?


वाह हा! तुम्हारा सुझाव अच्छा है!
शाम को..
खलीफा! तुम्हारी यह हालत?
तुम्हारी वजह से!
मैंने लड़की से पूछा-गाना आता है? बोली बाथरूम सिंगर हूं! मैंने कहा- ठीक है, फिर चलो बाथरूम में महफिल जमाते हैं!
लड़की के भाईयों ने मेरा यह हाल कर दिया!


खलीफा की सलाह
कंजूस!
फिजूलखर्च!
आवारा!
रूपए क्या पेड़ों पर लगे हैं?
दूसरे हस्बैंड्स अपनी पत्नी पर लाखों रूपए खर्च करते हैं।
मेरी लिमिटेड इंकम है। क्या डाका डालूं?
यह बात शादी से पहले सोचनी थी।
तुम मितव्ययता से खर्च करो।
मेरा मासिक खर्चा बढ़ाओ!
अभी मंदी चल रही है।
रूको! तुम्हारे झगड़े का कारण रूपए की कमी है ना!
अपने दोस्त को कहो, मेरा एलाउंस बढ़ाए!


एक टी.वी. सीरियल आता है। जिसमें संस्थाएं पति-पत्नी को 50,000/- रूपए की मदद करती हैं। अपना झगड़ा वहां ले जाओ।
खलीफा! तुम चाहते हो, सारी दुनिया टी.वी. पर देखे कि हम झगड़ालू दम्पति हैं?
तुम यहां से चलते बनो!
दानिशमंद कहते हैं कि किसी के फटे में पैर मत फंसाओ।


किस्सा
बचपन का
आजकल दिन बोर बीत रहे हैं!
दोस्तो! अच्छा हुआ तुम मिल गए!
यारों की महफिल में अच्छा टाइम पास हो जाता है!
रमन! तैनू कोई अपने बचपन दा किस्सा याद है!
हां, मेरा बचपन बहुत बढ़िया बीता था!


मेरे दादाजी मुझे बहुत प्यार करते थे! वह हर रोज मुझे स्कूल छोड़कर आते थे!...
एक बार हमारे दुबले-पतले मास्टरजी बता रहे थे कि बच्चो! जिस धरती पर हम रहते हैं, वह घूमती है!
मेरे दादाजी ने सुना तो वह बोले- मास्टर साब! धरती तो नहीं घूमती होगी! दूध-घी खाया करो!...
कमजोरी से आपको चक्कर आते होंगे!
हा! हा!!


लेट लतीफ
गुडमार्निंग,सर।
रमन। तुम कई दिनों से लेट आ रहे हो?
सर। रास्ते में फ्लाई ओवर बन रहा है। एक साल तक ट्राफ़िक जाम रहेगा।
एक साल?
यह लो चैक। एक हैलीकॉप्टर खरीद लो। न तो ट्राफ़िक जाम में फंसोगे, न ही तुम्हारे स्कूटर का टायर पंक्चर होगा।...


लेकिन मुझे तो कॉप्टर चलाना नहीं आता?
यह लो एक और चैक! पायलट तनख्वाह पर रख लो जो तुम्हें कॉप्टर पर बैठाकर ऑफिस तक ले आए!
अगले दिन....
तुम फिर लेट? क्या हेलीकॉप्टर नहीं खरीदा?
खरीदा था, सर!
फिर?
पायलट को लूज़मोशन लग गए!


मकान मालिक
आक-छू!
ओफ्फ-हो! एलर्जी से छींकें आने लगीं!
रमन! मकानमालिक डोलड्रम किराया लेने आ रहा है!
उसका छह महीने का किराया बकाया है!
मैं अलमारी में छुप जाता हूं. तुम उसे कह देना, मैं शहर से बाहर गया हूं!
रमन कहां है? मैं किराया लेकर ही यहां से हटूंगा!


वह तो ऑफिस टूर पर एक हफ्ते के लिए शहर से बाहर गये हैं!
आक-छू!
तुम??
किराया निकालो!


नकली हीरो
असली गन
अखबार में एड्वर्टाइजमेन्ट आया है-500 एक्टरों की फिल्म में काम करने का सुनहरी मौका!
मैं भी एक्टिंग कर सकता हूं!
तो फिर कोशिश क्यों नहीं करते?
अगले दिन...
मैं फिल्म आडीशन के लिए जा रहा हूं!


तुम देखना मैं एक्टिंग में सबकी छुट्टी कर दूंगा!
डायरेक्टर साहब! क्या यह सच है, आपकी फिल्म में 500 कलाकार होंगे?
हां!
इतने सारे एक्टरों के पेमेंट से फिल्म महंगी हो जाएगी?
मेरी एक शर्त है!
मेरे यहां पेमेंट फिल्म कम्पलीट होने पर मिलेगा!
क्यों?
फिल्म के आखिरी सीन में हीरो डिपरेशन में स्टेनगन से सारे कलाकारों को मार देता है!
इस बार स्टेनगन और गोलियां असली होंगी!


नकली नोट
ब्रेकिंग न्यूज़- बैंकों से 20 लाख के नकली नोट निकले!
ओह हा!
कमली! मैं ऑफिस चलता हूं!
सुबू! बहुत खुश हो!
आज सैलरी डे है ना, रमन जी!


बॉस आज बैंक से रूपए लाकर करारे-करारे नोट बांटेगा जी।
रमन! यह लो तुम्हारी सैलरी।
नोट?
सर! मुझे मेरी सैलरी नोटों में नहीं, सिक्कों में चाहिए! आजकल नोटों का विश्वास नहीं।
तो तुम चाहते हो मैं स्टाफ की सैलरी लाने के लिए बैंक की बजाय....
चौराहे के भिखारियों के पास जाऊं!


पार्टनरशिप
गुड मार्निंग सर!
कहो, रमन!
सर! आप एक कामयाब बिज़नैसमैन हैं!
तो?


आपने अपने बिज़नैस की शुरूआत कैसे की?
मेरे पास मैनेजमेंट का अनुभव था...
मुझे एक रूपए वाला पार्टनर मिला!...
फिर?
फिर क्या? मेरे पास रूपया आ गया..
और पार्टनर ?
उसके पास अनुभव रह गया !....


प्यार
खलीफा! कहां जा रहे हो?
गर्लफ्रेण्ड बनबानो से मिलने.
भई वाह!
चलता हूं, फिर मिलेंगे!
मेरी बुलबुल!
मेरे मजनू!


मैं तुम्हें इस दुनिया में सबसे ज्यादा प्यार करता हूं!
क्या अपनी अम्मी से भी ज्यादा?...
नहीं!
अपने अब्बा से ज्यादा?....
नहीं!
तो फिर किससे ज्यादा?..
मेरी गर्लफ्रेण्ड्स की लिस्ट में तुम सबसे टॉप पर हो!